# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), के विभिन्न विषयों में तृतीय चरण नामांकन हेतु छात्र–हित में निम्न व्यवस्था का प्रावधान किया गया है:–

1. चार वर्षीय स्नातक सत्र– 2025–29 प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), में नामांकन हेतु यदि कोई छात्र/छात्रा ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पायें हो तो मेजर विषय ***जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी*** को छोड़कर बाँकी सभी विषयों में निर्धारित शुल्क के साथ रिक्त सीटों के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन ***दिनांक– 01.08.2025 से 05.08.2025 तक*** आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय एवं विषयवार रिक्त सीटों की सूची ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में छात्र/छात्राओं को दिखाई देगी, तदनुसार छात्र/छात्रा ***एक से पाँच*** महाविद्यालय का विकल्प अपने ऑनलाईन आवेदन में भरेंगे।
2. ***जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी*** में स्वीकृत सीटों से अधिक संख्या में नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त है। अतएव इन विषयों में काफी संख्या में छात्र/छात्रा अपना नामांकन नहीं ले पायेंगे। ऐसी स्थिति में अनामांकित पूर्व में आवेदित छात्र/छात्रा मेजर (Major) विषय ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किसी अन्य विषय में परिवर्तित (Slide-up) कर पुनः ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं परंतु अन्य विषयों से उपरोक्त विषय ***जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी*** में विषय परिवर्तित (Slide-up) नहीं होंगे। उपरोक्त विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों में भी अनामांकित छात्र/छात्राओं के लिए विषय परिवर्तन (Slide-up) की सुविधा दी गयी है।
3. कुछ महाविद्यालयों में अधिकांश विषयों में रिक्ति रह गयी है तथा कुछ महाविद्यालयों में अधिकांश विषयों में रिक्ति नगण्य हैं। ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों को देखते हुए छात्र/छात्रा अपना महाविद्यालय परिवर्तन (Slide-up) भी कर सकते हैं। एक बार विषय परिवर्तन/महाविद्यालय परिवर्तन करने के उपरान्त दोबारा विषय परिवर्तन/महाविद्यालय परिवर्तन नहीं हो सकता है। अतएव छात्र/छात्रा सावधानी पूर्वक विषय परिवर्तन/महाविद्यालय परिवर्तन (Slide-up) करेंगे। छात्र/छात्रा रिक्त सीटों के विरूद्ध ***दिनांक– 01.08.2025 से 05.08.2025 तक*** पोर्टल पर अपना लॉग–ईन आई–डी (login ID) एवं पासवर्ड (Password) से मेजर (Major) एवं तदनुसार माईनर (Minor) विषय/महाविद्यालय परिवर्तित कर सकते है।

31/7/25

4. नामांकन ले चुके छात्र–छात्राओं के लिये विषय परिवर्तन/महाविद्यालय परिवर्तन (Slide-up) की व्यवस्था नहीं है। पूर्व में आवेदित अनामांकित छात्र/छात्राओं को विषय परिवर्तन/महाविद्यालय परिवर्तन के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा।

नव आवेदित/अनामांकित अभ्यर्थियो के लिये तृतीय चयन सूची ***दिनांक– 08.08.2025*** को विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर प्रकाशित की जायेगी। चयनित छात्र/छात्रा आवंटित महाविद्यालय में ***दिनांक– 11.08.2025 से 14.08.2025 तक*** अपना नामांकन ले सकते हैं। किसी प्रकार की जानकारी के लिये हेल्प लाईन नं0– 8090047415 एवं 8863810447 पर कार्यालय अवधि व दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।**

अशोक
31.7.25
**अध्यक्ष,छात्र–कल्याण**

31/7/25